स्टेट बैंक आफ इंदौर द्वारा दिये गये ऋण

3687. **श्री राम नरेश यादव :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि स्टेट बैंक आफ इंदौर की नवलखा शाखा और बहुत सी अन्य शाखाओं ने नियमों का उल्लंघन करते हुए कैलाश शारदा औद्योगिक घराने को 100 करोड़ रुपये के ऋण दिये हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि जनवरी, 1993 में लेखापरीक्षा दल ने अपने प्रतिवेदन में इन ऋणों पर आपत्ति की थी ;

(घ) यदि हां, तो क्या बैंक के प्रबंध निदेशक ने दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कोई जांच के आदेश दिये हैं; और

(ङ) यदि नहीं तो इसके क्या कारण है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० अबरार अहमद) :

(क) से (ङ) बैंकों में प्रचलित प्रथाओं और रीतिरिवाजों के अनुसार तथा सरकारी क्षेत्र के बैंकों को नियंत्रित करने वाली सांविधिओं के प्रावधानों के अनुसरण में, बैंक व्यक्तिगत संघटकों के संबंध में सूचना को प्रकट नहीं कर सकता।

निवेशकों को गुमराह करने के लिए कम्पनियों को दंडित करना

3688. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने निवेशकों को गुमराह करने के सिलसिले में कुछ कंपनियों को दंडित किया है ;

(ख) यदि हां, तो पिछले दो वर्षों के दौरान इस संबंध में राज्यवार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) निवेशकों के हितों को संरक्षण प्रदान करने हेतु सरकार ने क्या प्रयास किये हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० अबरार अहमद) :

(क) से (ग) सूचना एकत्रित की जा रही है और सदन के सभा पटल पर रख दी जायेगी।

Reduction in Customs Duty on Coking Coal

3689. SHRI KAMAL MORARKA: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Ministry of Steel has proposed a reduction in the customs duty on non-coking coal;

(b) if so, the details of the proposal; and

(c) what decision has so far been taken in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI M.V. CHANDRASHEKHAR MURTHY): (a) to (c) The Ministry of Steel has proposed for reduction of customs duty on non-coking coal for sponge iron industry from 85% to 5%. No decision has been taken on this proposal so far.